आसरा एक तुम्हारा मुझे सांवरे,
तेरा ही सहारा मुझे सांवरे,
तेरा ही सहारा मुझे सांवरे,
आसरा एक तुम्हारा मुझे साँवरे।।

तर्ज साथिया नहीं जाना की।

दानी दयावान हो,
देवता महान हो,
सारा ही जमाना तुम्हे पूजता,
कैसा चमत्कार है,
तेरी जय जयकार है,
दुनिया में डंका तेरा गूंजता,
लगे बड़ा प्यारा मुझे सांवरे,
आसरा एक तुम्हारा मुझे साँवरे।।

मुझे अपनाए हो,
जिंदगी बनाए हो,
तेरी है दयालु मेहरबानिया,
क्या क्या किया है तू,
कितना दिया है तू,
मेटी है मेरी परेशानियाँ,
संकट से उबारा मुझे सांवरे,
आसरा एक तुम्हारा मुझे साँवरे।।

मन की सुनाने को,
अर्जी लगाने को,
बार बार तेरे दर आऊं मैं,
आऊं दौड़ दौड़ के,
सारा जग छोड़ के,
इतना बता दे कहाँ जाऊं मैं,
सूझे तेरा द्वारा मुझे सांवरे,
आसरा एक तुम्हारा मुझे साँवरे।।

मुझे विश्वास है,
रहता आस पास है,
बिन्नू को अकेला नहीं छोड़ता,
सदा ही निभा रहा,
किरपा बरसा रहा,
मेरा कभी दिल नहीं तोड़ता,
तूने ही सुधारा मुझे सांवरे,
Bhajan Diary Lyrics,
आसरा एक तुम्हारा मुझे साँवरे।।

आसरा एक तुम्हारा मुझे सांवरे,
तेरा ही सहारा मुझे सांवरे,
तेरा ही सहारा मुझे सांवरे,
आसरा एक तुम्हारा मुझे साँवरे।।

Singer Prakash Odeka
Lyrics Binnu Ji

Source: https://www.bharattemples.com/aasra-ek-tumhara-mujhe-sanware/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw